प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945 बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दुनियाभर में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा भारत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार सिरमौर के कोटला–बड़ोग नशा मुक्ति व पुर्नवास केन्द्र में उपलब्ध करवाई जाएंगी अत्याधुनिक सुविधाएं।
- पुलिस समृति दिवस के अवसर पर हुए कई कार्यक्रम– शहीद पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि।
- शिमला के हलोग धामी में प्रसिद्ध पत्थर मेले का हुआ आयोजन– लोगों ने उत्साह के साथ निभाई परंपरा।

प्रधानमंत्री–पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही है। दीपावली पर देशवासियों को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न केवल धर्म का पालन किया बल्कि अन्याय का बदला भी लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम लोगों को धर्म का पालन करना सिखाते हैं और अन्याय से लड़ने का साहस भी देते हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सिरमौर जिला के कोटला बड़ोग में बनने वाले नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने इस पुनर्वास केंद्र के निर्माण को लेकर आज शिमला में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र में कुल सौ बिस्तरों की क्षमता होगी और चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने पांच करोड़ 34 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। बैठक में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल भी मौजूद रहे।

शहीदी दिवस

इस बीच मुख्यमंत्री ने श्री गुरू तेग बहादुर जी के 3 सौ 50वें शहीदी दिवस पर शिमला में आयोजित होने वाले समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की। ये समारोह आगामी एक और 2 नवबंर को शहर के रिज मैदान पर और पदम देव परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस समारोह के दौरान नगर निगम को स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और आयोजन स्थल पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुलिस स्मृति दिवस

आज पुलिस स्मृति दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एक सशक्त पुलिस बल ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है और यही सरकार का लक्ष्य है। पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीन के हमले में शहीद हुए दस बहादुर पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है। इधर किन्नौर जिला मुख्यालय रिकांगपिओ में हुए कार्यक्रम में शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर ने कहा कि शहीद जवानों की शहादत हम सभी के लिए प्रेरणा है और पुलिस बल जनता की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। अन्य स्थानों पर भी पुलिस समृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जी.एस.टी ऑटोमोबाईल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। आज हम देश के ऑटो मोबाइल क्षेत्र को मजबूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभाव पर चर्चा कर रहे हैं।

*नए जीएसटी सुधारों के तहत सरकार ने ऑटोमोबाइल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण कर राहत की घोषणा की है। नए कर ढांचे के तहत 1800 सीसी से कम इंजन क्षमता वाले ट्रैक्टर पर 5 प्रतिशत और 1800 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाले ट्रैक्टर पर 18 प्रतिशत कर लग रहा है। साथ ही, ट्रैक्टर के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों जैसे टायर और गियर पर भी 5 प्रतिशत कर लग रहा है। बस, ट्रक और डिलीवरी वैन सहित वाणिज्यिक मालवाहक वाहनों पर लगने वाले वस्तु और सेवा कर को 18 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने मोटर कार और बाइक के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों पर कर को 18 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, बाइक और छोटी कारों पर कर की दर में 10 प्रतिशत की कमी की गई है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में नई दिल्ली स्थित एक निजी कंपनी के कार डीलर अरविंद ने कहा कि कर में कटौती से ग्राहकों को लगभग दस से बारह हज़ार रुपये की बचत हो रही है और इससे बिक्री बढोतरी आ रही है। दरों में कटौती से इन वाहनों और उपकरणों की खरीद की सामर्थ्य और इनकी मांग बढ़ रही है। नई जीएसटी युक्तिकरण से लॉजिस्टिक्स लागत कम हो रही है और निर्यात में सुधार हो रहा है।*

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि सरकार खेलों के विकास के प्रति गंभीर है और इस दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है। वे आज शिमला जिला के जुब्बल क्षेत्र के ढाडी में एक वॉलीबाल प्रतियोगिता के शुभारंभ पर बोल रहे थे। रोहित ठाकुर ने कहा कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं जहां शरीर और मस्तिष्क को सुदृढ़ बनाती है, वहीं युवाओं को नशे से भी दूर रखती है।

हमीरपुर–भाजपा

हमीरपुर जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने आज समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और बड़सर से भाजपा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल भी मौजूद रहे। इस दौरान धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज के प्रति निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते रहने का आह्वान किया। सांसद अनुराग ठाकुर ने भी सभी से देश व प्रदेश को अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने की अपील की।

पत्थर मेला

शिमला जिले के हलोग धामी में आज प्रसिद्ध पत्थर मेले का आयोजन किया गया। हर वर्ष दीपावली के दूसरे दिन इस मेले का आयोजन किया जाता है। सदियों से चली आ रही पत्थर के खेल की इस अनोखी परंपरा को आज पूरे उत्साह व जोश के साथ निभाया गया।

*इस मेले में धामी में राज परिवार की तरफ से तुनडू, जठौती व कटेडू परिवार की टोली जबकि दूसरी ओर से जमोगी खानदान की टोली के सदस्य पत्थर बरसाते हैं। अन्य लोग पत्थर मेले को देख सकते हैं, लेकिन वे पत्थर नहीं मार सकते। इस बार भी पूरी रस्मों के साथ पत्थर खेल मेले का आयोजन हुआ और जमोगी टोली विजयी रही। करीब 40 मिनट तक चले पत्थर मार खेल में दोनों तरफ से जबरदस्त पथराव हुआ जिसमें कटेडू टोली के सुभाष के हाथ में पत्थर लगा जिसके बाद कटेडू टोली के सुभाष के खून से इस बार मां भद्रकाली का तिलक किया गया और खेल सम्पन्न हुआ। माना जाता है कि पहले यहां हर वर्ष भद्रकाली को नर बलि दी जाती थी, लेकिन धामी रियासत की रानी ने सती होने से पहले नर बलि को बंद करने का हुक्म दिया था। इसके बाद पशु बलि शुरू हुई कई दशक पहले इसे भी बंद कर दिया गया। तत्पश्चात पत्थर का मेला शुरू किया गया। जो आजतक चलता आया है। प्रादेशिक समाचार के लिए शिमला से मैं योगराज शर्मा।*

प्रधानमंत्री मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अक्तूबर को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 27वीं

कड़ी होगी। लोग अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य–शून्य–एक–एक–सात आठ शून्य–शून्य पर साझा कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई जी ओ वी ओपन फोरम के माध्यम से ऑन लाइन सुझाव दिये जा सकते हैं। कार्यक्रम के लिए सुझाव 24 अक्तूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– दुनियाभर में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा भारत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार सिरमौर के कोटला–बड़ोग नशा मुक्ति व पुर्नवास केन्द्र में उपलब्ध करवाई जाएंगी अत्याधुनिक सुविधाएं।
- पुलिस समृति दिवस के अवसर पर हुए कई कार्यक्रम– शहीद पुलिस जवानों को दी गई श्रद्धांजलि।
- शिमला के हलोग धामी में प्रसिद्ध पत्थर मेले का हुआ आयोजन– लोगों ने उत्साह के साथ निभाई परंपरा।

.............................